रजिस्ट्री सं. डी एल—33001/99 REGISTERED NO. DL—33001/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 21] नई दिल्ली, शनिवार, मई 22, 1999 (ज्येष्ठ 1, 1921)
No. 21] NEW DELHI, SATURDAY, MAY 22, 1999 (JYAISTHA 1, 1921)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 4
[PART III—SECTION 4]

[सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं]

[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

भारतीय रिज़र्व बैंक

केन्द्रीय कार्यालय

बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग

केन्द्र 1, विश्व व्यापार केन्द्र

कफ परेड, कोलाबा

मुंबई–400005, दिनांक 20 अप्रैल 1999

सबर्भ : बैंपविवि० सं० बीसी० 30/12.01.001/98–99—भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) की धारा 42 की उप-धारा (1) के परंतुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और 1 मार्च 1999 की अपनी अधिसूचना सं० बैंपविवि० बीसी० 16/12.01.001/98–99 का प्रतिस्थापन करते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक इसके द्वारा यह विनिर्दिष्ट करता है कि अनुसूचित वाणिज्य बैंकों द्वारा (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर) रखा जाने वाला औसत प्रारक्षित नकदी निधि अनुपात 8 मई, 1999 से आरंभ पखवाड़े से 10.00 प्रतिशत होगा ।

खिज़र अहमद,
कार्यपालक निदेशक

भारतीय रिज़र्व बैंक

केन्द्रीय कार्यालय

सरकारी और बैंक लेखा विभाग

मुंबई, दिनांक अप्रैल 1999

भारत सरकार के राजपत्र में 20 अप्रैल, 1946 को प्रकाशित तथा 29 अप्रैल, 1954 की अधिसूचना सं० एफ० (8) 70/बी 5 और भारत सरकार के दिनांक 21 फरवरी, 1990 के असाधारण राजपत्र सं० 67 के अंतर्गत यथा संशोधित लोक ऋण अधिनियम 1944 की धारा 28 के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के नियम 18 के अनुसरण मार्च 1999 को समाप्त माह के लिए निम्नलिखित सूची दी गई आदि ऐसी प्रतिभूतियों के बारे में एतद्द्वारा विज्ञापित की जाती है, जिसके संबंध में इस बात का विश्वास करने के लिए प्रथम दृष्टया आधार मौजूद है कि प्रतिभूतियां खो गयी हैं और आवेदकों का दावा न्यायोचित है । नीचे लिखे गये संबंधित दावेदारों से इतर सभी व्यक्ति जिनका प्रतिभूतियों पर किसी प्रकार का दावा हो, तत्काल मुख्य लेखाकार, भारतीय रिज़र्व बैंक, केन्द्रीय कार्यालय, सरकारी और बैंक लेखा विभाग, केन्द्रीय ऋण प्रभाग, मुंबई को सूचित करें ।

सूची दो भागों में विभाजित की गई है । भाग "क" में अभी पहली बार विज्ञापित प्रतिभूतियां शामिल की गई हैं और भाग "ख" में पूर्व विज्ञापित प्रतिभूतियों की सूची दी गई है :—

सूची "क"

प्रतिभूतियों का क्रमांक	मूल्य रु०/ग्राम	किसके नाम से जारी की गई	ब्याज धारित किए जाने की तारीख	डुप्लिकेट जारी करने/भुगतान मूल्य की अदायगी के लिए दावेदारों के नाम	जारी किए गए आदेश की सं० तथा तारीख
1	2	3	4	5	6
—कुछ नहीं—					

सूची "ख"

प्रतिभूतियों का क्रमांक	मूल्य रु०/ग्राम	किसके नाम से जारी की गई	ब्याज धारित किए जाने की तारीख	डुप्लिकेट जारी करने/भुगतान मूल्य की अदायगी के लिए दावेदारों के नाम	जारी किए गए आदेश की सं० तथा तारीख
1	2	3	4	5	6
स्वर्ण बांड 1998 (मुंबई सर्किल)					
बीबाय 000738	499 ग्राम स्वर्ण	1. गांधी राजेश मुकुन्दलाल और 2. गांधी वेला राजेश	3-5-1993 (अवधि समाप्ति पर देय)	1. गांधी राजेश मुकुन्दलाल और 2. गांधी वेला राजेश	मामला सं० 20-4-2079 महा प्रबंधक के दि० 29-1-1999 के आदेश तथा केन्द्रीय कार्यालय डायरी सं० 657 दिनांक 30-1-99

1	2	3	4	5	6
		10% राहत बांड 1995 (ब्याज अर्धवार्षिक) (नागपुर सर्किल)			
एनजी 000058	रु० 1,00,000	सी०बी०जी० पिल्लाई एवं प्रशांत पिल्लाई	16-1-1998	सी०बी०जी० पिल्लाई एवं प्रशांत पिल्लाई	सी०ओ० 263 ए 5 जनवरी, 1999
		9% राहत बांड 1993 (भायखला सर्किल)			
बीसी 01322 से बीसी 01332	प्रत्येक रु० 1,00,000/-	जयंती नटवर पारेख एवं नटवर मूलचंद पारेख (मृत)	8-11-1994	जयंती नटवर पारेख	06.25.22 दि० 3-2-1999
बीसी 01557 से बीसी 01569	प्रत्येक रु० 1,00,000/-	जयंती नटवर पारेख एवं नटवर मूलचंद पारेख (मृत)	28-12-1994	---वही---	---वही---
बीसी 01570 से बीसी 01573	प्रत्येक रु० 1,00,000/-	नटवर मूलचंद पारेख (मृत) जयंती नटवर पारेख	---वही---	---वही---	---वही---
		3% परिवर्तन ऋण 1946 (कलकत्ता सर्किल)			
सीए 062672	5,000/-	भारतीय इम्पीरियल बैंक	15-3-1956 को समाप्त 19वां अर्धवर्ष तक का ब्याज अदा किया गया है	सीताराम लोहिया	फाइल सं० 2619 दिनांक 1-2-99 का महा प्रबंधक का आदेश देखें। दिनांक 1-2-99 का डीबाई सं० एल सी ओ-103/98-99
सीए 382479	5,000/-	हरि सिंह	ब्याज अदा नहीं किया गया है	हरि सिंह	फाइल सं० आई-2428 दिनांक 1-2-99 का महा प्रबंधक का आदेश देखें डीबाई सं० एल सीओ-104/98-99
सीए 382480	3,000/-	---वही---	दिनांक 15-3-82 को समाप्त 71वां अर्धवर्ष तक का ब्याज अदा किया है	---वही---	---वही---

एम० ए० आहूजा
कृते मुख्य महा प्रबंधक

बैंक ऑफ इंडिया

प्रधान कार्यालय

मुंबई–400021, 9 अप्रैल, 1999

सं० पी : आई० आर० : साह : 031—बैंकिंग कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन और अन्तरण) अधिनियम, 1970 (1970 का 5) की धारा 12 की उप धारा (2) के साथ पठित धारा 19 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक के परामर्श और केन्द्रीय सरकार की पूर्व स्वीकृति से बैंक ऑफ इंडिया का निदेशक बोर्ड एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात् :—

1. संक्षिप्त नाम और आरंभ :

1. ये विनियम बैंक ऑफ इंडिया (अधिकारी) सेवा (संशोधित) विनियम, 1999 कहे जा सकेंगे ।

2. वे सरकारी राजपत्र में उनके प्रकाशित होने की तारीख से लागू होंगे ।

2. विनियम 38 के लिए बैंक ऑफ इंडिया (अधिकारी) सेवा विनियम, 1979 में निम्नलिखित विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा अर्थात् :—

"नीचे यथा उपबन्धित 38, अधिकारी की जमा सभी छुट्टियां, त्यागपत्र, सेवोनिवृत्ति, मृत्यु, सेवोन्मुक्ति, पदच्युत या समाप्ति पर समाप्त हो जाएंगी ।

परन्तु जब तक यह कि जहां अधिकारी बैंक की सेवा से सेवानिवृत हो गया हो तो उसे अर्जित छुट्टी, जिसे उसने संचित की थी, की किसी अवधि, 240 दिनों से अधिक नहीं, की परिलब्धियों के बराबर राशि भुगतान किए जाने की पात्रता होगी ;

परन्तु यह और कि जहां अधिकारी की सेवा में रहते हुए मृत्यु हो जाती है, उसकी मृत्यु की तारीख को उसकी जमा अर्जित छुट्टी, 240 दिनों से अधिक नहीं, की अवधि के लिए परिलब्धियों के बराबर राशि उसके कानूनी प्रतिनिधियों को देय होगी ।

पाद टिप्पणी : इसके अंगीकरण के बाद, पहली बार उपर्युक्त विनियमों में संशोधन किए गए हैं ।

ए० पी० फडणीस
उप महाप्रबंधक (कार्मिक)

बैंक ऑफ बड़ौदा

सामान्य विनियम : 1998

केन्द्रीय कार्यालय
3, बालचंद हीराचंद मार्ग
बैलार्ड पियर
मुम्बई–400001 ।

प्रधान कार्यालय
बड़ौदा हाउस
मांडवी
बड़ौदा–390006 ।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा सामान्य विनियम 1998

दिनांक 22 अप्रैल, 1999

सं० सीओ : एलईजी–एमटीयू–91/410—बैंकिंग कम्पनी (उपक्रमों का अधिग्रहण व अन्तरण) अधिनियम 1970 की धारा 19 में प्रत्यायोजित शक्तियों का उपयोग करते हुए बैंक ऑफ़ बड़ौदा का बोर्ड भारतीय रिज़र्व बैंक से परामर्श करने के पश्चात् और केन्द्रीय सरकार की पूर्व अनुमति के अनुसार, निम्न नियम बनाता है—यथा

अध्याय—1

परिचय

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

(i) इन विनियमों को बैंक ऑफ़ बड़ौदा सामान्य विनियम 1998 कहा जाएगा ।

(ii) ये विनियम सरकारी राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से लागू होंगे ।

2. परिभाषाएं

इन विनियमों में जब तक कि विषय या संदर्भ या उसके निहितार्थ से अन्यथा विपरीत न हो ।

(क) "अधिनियम" से अभिप्रेत बैंकिंग कम्पनी (उपक्रमों का अधिग्रहण व अन्तरण) अधिनियम 1970 (1970 का 5) होगा ।

(ख) "बैंक" से अभिप्रेत अधिनियम के अन्तर्गत गठित निगमित निकाय 'बैंक ऑफ़ बड़ौदा' होगा ।

(ग) "बोर्ड" से अभिप्रेत अधिनियम की धारा 19 के अन्तर्गत गठित बोर्ड होगा ।

(घ) "अध्यक्ष" से अभिप्रेत बोर्ड का अध्यक्ष होगा ।

(ङ) "समिति" से अभिप्रेत बोर्ड द्वारा गठित समिति से होगा ।

(च) "कार्यकारी निदेशक" से अभिप्रेत पूर्ण कालिक निदेशक होगा, जो प्रबंध निदेशक न हो ।

(छ) "महाप्रबंधक" से अभिप्रेत बैंक के महाप्रबंधक से होगा ।

(ज) "प्रबंधन समिति" से अभिप्रेत योजना के उपबंध 13 के अन्तर्गत गठित समिति से होगा ।

(झ) "प्रबंध निदेशक" से अभिप्रेत बैंक के प्रबंध निदेशक से होगा ।

(ञ) "रजिस्टर" से अभिप्रेत शेयरधारकों का रजिस्टर, जिसमें बैंक की एक या एक से अधिक बहियां हों, होगा और इसमें अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (2 जी) के अन्तर्गत शेयरधारकों द्वारा कम्प्यूटर पासापी एवं डिस्केट्स के रूप में रखा गया रजिस्टर भी शामिल होगा ।

(ट) "रजिस्ट्रार" से अभिप्रेत निम्नलिखित के लिए बैंक द्वारा नियुक्त व्यक्ति से होगा ।

(i) इश्यू से संबंधित निदेशकों से आवेदन प्राप्त करना ।

(ii) आवेदनों का विधिवत् रिकार्ड रखना, निदेशकों से प्राप्त धन और प्रतिभूतियों के लिए प्रदत्त धन का विधिवत् रिकार्ड रखना; और

(iii) निम्नलिखित कार्यों में बैंक की सहायता करना—

(क) स्टाक एक्सचेंज से परामर्श करके प्रतिभूतियों के आवंटन का आधार निर्धारित करना ।

(ख) प्रतिभूतियों के आवंटन के लिए पात्र व्यक्तियोंकी सूची को अन्तिम रूप देना ।

(ग) इश्यू से संबंधित आवंटन पत्रों, धन वापसी आदेशों या प्रमाणपत्रों और अन्य सम्बन्धित दस्तावेजों की जांच करना और भेजना ।

(iv) बैंक द्वारा समय-समय पर निर्धारित इसी प्रकार के अन्य कार्य ।

(ठ) "योजना" से अभिप्रेत राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना 1970 से है ।

(ड) "शेयर" से अभिप्रेत बैंक के शेयर पूंजी में शेयर से है ।

(ढ) "शेयर अन्तरण एजेंट" में निम्नलिखित शामिल हैं :—

(i) कोई व्यक्ति जो बैंक की ओर से बैंक द्वारा जारी प्रतिभूतियों के धारकों का रिकार्ड रखता हो और इसकी प्रतिभूतियों के अन्तरण और मोचन से संबंधित सभी मामलों पर कार्य करता है ।

(ii) उप-बंध (i) में उल्लिखित गतिविधियों को निष्पादित करने वाला बैंक का कोई विभाग या प्रभाग (चाहे इसे जिस भी नाम से जाना जाए) ।

(ण) अध्याय iii में प्रयुक्त होने वाली शब्दावली और अभिव्यक्तियों, जिन्हें इन विनियमों में परिभाषित नहीं किया गया है किन्तु जिन्हें जमाकर्ता अधिनियम 1996 (1996 का अधिनियम 22) में परिभाषित किया गया है । उनमें उपर्युक्त अधिनियम में दर्शाए गए सम्बद्ध अर्थ का समावेश होगा ।

(त) प्रयुक्त होनेवाली अन्य अभिव्यक्तियों और जिन्हें इन विनियमों में परिभाषित नहीं किया गया है । किन्तु अधिनियम या योजना में प्रयुक्त किया गया है । उनमें अधिनियम या योजना में निर्धारित सम्बद्ध अर्थों का समावेश होगा ।

अध्याय—II
शेयर और शेयर रजिस्टर

3. शेयर का स्वरूप

बैंक के शेयर, इन विनियमों/नियमों में उल्लिखित प्रावधानों के अनुरूप चल सम्पत्ति एवं अन्तरणीय होंगे ।

4. शेयर पूंजी के प्रकार

(i) अधिमानी शेयर पूंजी से आशय बैंक की शेयर पूंजी के एक भाग से है जो कि निम्न दोनों शर्तों को पूरा करती हो :—

(क) जहां तक लाभांश का प्रश्न है, इसमें निर्धारित दर से गिने गये या निर्धारित राशि का भुगतान करने के अधिमानी अधिकार होते हैं जो कि या तो आयकर से मुक्त हो सकते हैं या उसके अध्याधीन हो सकते हैं ।

(ख) जहां तक पूंजी का प्रश्न है, दूसरे पूंजी के पुनर्भुगतान का परिसमापन करना होता है या होगा, प्रयुक्त पूंजी या प्रयुक्त की जाने वाली पूंजी की राशि के पुनर्भुगतान का अधिमानी अधिकार चाहे इनमें से एक को या दोनों को निम्नराशि के भुगतान करने का अधिमानी अधिकार हो । यथा

(क) उपबंध (क) में उल्लिखित राशि से सम्बन्धित परिसमापन की तारीख या पूंजी पुनर्भुगतान की तारीख तक बकाया अप्रयुक्त कोई भी राशि ।

(ख) केन्द्रीय सरकार की पूर्व अनुमति से बोर्ड द्वारा निर्धारित कोई भी निश्चित प्रीमियम या किसी निश्चित मान में प्रीमियम ।

(ii) "इक्विटी शेयर पूंजी" का अभिप्राय सभी शेयर पूंजी से है जो कि अधिमान्य शेयर पूंजी नहीं है ।

(iii) "अधिमान्य शेयर" और "इक्विटी शेयर" अभिव्यक्तियों का अर्थ तदनुरूप लिया जाए ।

5. रजिस्टर में दर्ज किए जाने वाले विवरण

(i) अधिनियम की धारा 3 की उपधारा 2 (एफ) के अनुरूप शेयर रजिस्टर बनाकर उसका रखरखाव किया जाएगा और उसे अद्यतन किया जाएगा ।

(ii) अधिनियम की धारा 3 उपधारा 2 (एफ) में उल्लिखित विवरणों के अतिरिक्त मण्डल द्वारा निर्धारित अन्य विवरणों को रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा ।

(iii) किसी शेयर की संयुक्त धारिता के मामले में, उप विनियमन (i) के अनुरूप उनके नामों और अन्य विवरणों को इस प्रकार की संयुक्त धारिता के पहले नाम के तहत् सामूहिक रूप में लिखा जाए ।

(iv) अधिनियम की धारा 3 की उपधारा 2 (जी) के प्रावधानों के अनुरूप, भारत से बाहर रहने वाले शेयर धारक को भारत में अपने पते की सूचना बैंक को देनी होती है और इस पते को रजिस्टर र्ज किया जाना चाहिए और अधिनियमों और इसके विनियमों के लिए इस पते को उसका पंजीकृत पता समझा जाना चाहिए ।

(v) बैंक को प्राप्त होने वाले किसी न्यास के नोटिस उसके अभिव्यक्त आशय या उसके निहितार्थ या आन्वयिक को बैंक रजिस्टर में दर्ज न किया जाए ।

6. शेयरों और रजिस्टरों पर नियंत्रण

अधिनियम और इसके विनियमों के प्रावधानों और समय-समय पर बोर्ड द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप बैंक के प्रधान कार्यालय में रजिस्टर रखा जायेगा और वहीं उसका रखरखाव किया जाएगा और इसे बोर्ड नियंत्रण में रखा जाएगा और शेयर की शेयर धारिता के रूप में पंजीकृत की पात्रता से सम्बन्धित बोर्ड का निर्णय अन्तिम माना जाएगा ।

7. वे पार्टियां जो शेयर धारक के रूप में पंजीकृत नहीं हो सकती ।

(i) जब तक इन विनियमों में अन्यथा उल्लिखित न हों, वे सभी व्यक्ति जो संविदा करने के पात्र न हों । शेयर धारक के रूप में पंजीकृत होने के पात्र नहीं हैं और इस संबंध में बोर्ड का निर्णय सब पर लागू होगा और अन्तिम होगा ।

(ii) फर्म के मामले में, शेयर वैयक्तिक भागीदार के नाम से दर्ज होने चाहिए और अत: कोई भी फर्म शेयर धारक के रूप में दर्ज होने की पात्र नहीं है ।

8. कम्प्यूटर पद्धति आदि में शेयर-रजिस्टर का रखरखाव ।

(i) अधिनियम की धारा 3 की उप धारा 2 (एफ) के अन्तर्गत रजिस्टर में दर्ज किए जाने वाले आवश्यक विवरण जिन्हें विनियम 5 में उल्लिखित के साथ पढ़ा जाए, अधिनियम की धारा 3 की उप धारा 2 (जी) के अनुसार प्रधान कार्यालय में रखे जाने वाले कम्प्यूटर चुम्बकीय/आप्टिकल/मैगनेटो-आप्टिकल मीडिया में डिस्केट्स, फ्लापी, कार्ट्रिज या अन्य प्रकार से (इसके बाद मीडिया कहा जाएगा) के रूप में रखें जाएं और इनका बैक-अप समय-समय पर अध्यक्ष या प्रबंध निदेशक द्वारा या अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक द्वारा इस कार्य के लिए महाप्रबंधक स्तर के पदनामित अधिकारी द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार लिया जाए (जिसे बाद में "पदनामित अधिकारी" कहा जाएगा) ।

(ii) अधिनियम की धारा 3 (बी) के अन्तर्गत शेयर रजिस्टर में दर्ज किए जाने वाले आवश्यक विवरण, जमाकर्ता अधिनियम 1996 की धारा 11 के साथ पढ़ा जाए, इलेक्ट्रानिक प्रारूप में या उसमें उल्लिखित स्वरूप में रखे जाए ।

9. कम्प्यूटर पद्धति की सुरक्षा के लिए उपाय

(i) विनियम 8 (1) में उल्लिखित पद्धति, जिसमें आंकड़े संग्रहित किए गए हैं, तक पहुंच, ऐसे व्यक्तियों जिन्हें इक्यू का रजिस्टर और/या शेयर अन्तरित करने वाले एजेन्ट्स जैसा भी अध्यक्ष या प्रबंध निदेशक या पदनामित अधिकारी द्वारा और पासवर्ड द्वारा यदि कोई हो प्राधिकृत किया गया हो, तक सीमित रखी जाए और इलेक्ट्रानिक सिक्यूरिटी नियंत्रण सिस्टम को उपयुक्त व्यक्ति की अभिरक्षा में गोपनीय रखा जाए ।

(ii) प्राधिकृत व्यक्ति की पहुंच को कम्प्यूटर सिस्टम के माध्यम से पुस्तिका में दर्ज किया जाए और इस पुस्तिका को अध्यक्ष और प्रबंधक निदेशक या पदनामित अधिकारी द्वारा इस उद्देश्य के लिए पदनामित अधिकारियों/व्यक्तियों के पास सुरक्षित रखा जाए ।

(iii) अध्यक्ष या प्रबंध निदेशक या पदनामित अधिकारी द्वारा निर्धारित नियमित अन्तराल पर शेयर धारक के रजिस्टर में परिवर्तन करते हुए अंतरणीय माध्यम पर बैक-अप की प्रतियां ली जाएं । इनमें से कम से कम एक प्रति उस परिसर के सिवाय अन्य जगह रखी जाए जहां पर प्रोसेसिंग का कार्य होता है, यह प्रति आगे से सुरक्षित कमरे में रखी जाए जहां ताले की व्यवस्था हो और उपयुक्त तापमान हो । इन दोनों जगहों पर पहुंच, अध्यक्ष या प्रबंध निदेशक या पदनामित अधिकारी द्वारा नामित अधिकारी तक ही सीमित रखी जाए । प्राधिकृत व्यक्ति जगह पर रखे गए मैन्युअल रजिस्टर में अपनी पहुंच दर्ज करे ।

(iv) प्राधिकृत व्यक्ति का यह दायित्व होगा कि वह बैक-अप के आंकड़ों का मिलान आंकड़ों की सत्यता के लिए उपयुक्त साफ्टवेयर का उपयोग करके कम्प्यूटर सिस्टम के आंकड़ों से करें । इस परिचालन के परिणाम को इस उद्देश्य के लिए रखे रजिस्टर में दर्ज किया जाए ।

(v) अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के लिए यह उपयुक्त होगा कि वे तकनीकी विकास को ध्यान में रखते हुए और/या स्थितियों की आवश्यकताओं के कारण या अन्य किसी कारणों से कम्प्यूटर सिस्टम में शेयर धारकों के रजिस्टर को रखे जाने की गोपनीयता का अनुपालन करने की दृष्टि से विशिष्ट या सामान्य आदेश द्वारा इस संबंध में जारी अनुदेशों को संशोधित करें या उनमें और अनुबंध शामिल करें ।

10. संयुक्त धारक के अधिकारों का उपयोग

यदि कोई शेयर दो या अधिक व्यक्तियों के नाम पर है तब रजिस्टर में जिसका नाम प्रथम है उस व्यक्ति को शेयर के अंतरण को छोड़कर मतदान, लाभांश प्राप्त करने, नोटिस भेजे जाने या बैंक से संबद्ध अन्य मामलों में उसका एकल धारक समझा जाएगा ।

11. रजिस्टर का निरीक्षण

(i) जहां रजिस्टर रखा जाता है वहां विनियम 12 के तहत उसे बन्द किए जाने के मामले को छोड़कर अन्य स्थिति में कारोबार के घंटों के दौरान किसी भी शेयर-धारक द्वारा निःशुल्क निरीक्षण हेतु खुला रहेगा, परन्तु बोर्ड उचित प्रतिबंध लगा सकता है फिर भी प्रत्येक कार्य दिवस में कम से कम दो घंटे तक के समय हेतु निरीक्षण की अनुमति दी जाएगी ।

(ii) कोई भी शेयरधारक चाहे तो रजिस्टर में प्रत्येक प्रविष्टि का सारांश निःशुल्क ले सकता है या कम्प्यूटर प्रिन्ट ले सकता है या यदि वह उसकी प्रति चाहे या रजिस्टर की कम्प्यूटर प्रिन्ट अथवा उसका कोई भाग चाहे तो आवश्यक प्रति हेतु प्रत्येक 100 शब्द या उसके भाग के लिए रु० 5/– की दर से राशि का पूर्व भुगतान करने पर उन्हें यह दिया जाएगा ।

(iii) ऊपर विनियम (II) में जो कुछ कहा गया है उससे असम्बद्ध रहते हुए सरकार को किसी भी विधिवत् प्राधिकृत अधिकारी को यह अधिकार होगा कि वह रजिस्टर की किसी भी प्रविष्टी की प्रति लें या रजिस्टर की प्रति या उसका कोई भाग उसे प्रस्तुत किया जाए ।

12. रजिस्टर बन्द करना

बैंक जब अपनी राय में यह आवश्यक समझे तब कम से कम 7 दिनों की पूर्व सूचना देने के बाद भारत में प्रसारित न्यूनतम 2 अखबारों में विज्ञापन देने के बाद शेयरधारकों का रजिस्टर प्रतिवर्ष कुल 45 दिनों परन्तु किसी एक समय अधिकतम 30 दिनों तक की किसी भी अवधि या अवधियों के लिए बन्द कर सकता है ।

13. शेयर प्रमाणपत्र

(i) प्रत्येक शेयर प्रमाणपत्र पर शेयर प्रमाणपत्र संख्या, विभेदक संख्या, जितने शेयरों हेतु प्रमाणपत्र जारी किया गया है, वह संख्या तथा जिसे यह जारी किया जाता है उस शेयर-धारक का नाम, बोर्ड द्वारा निर्धारित रूप में होंगे ।

(ii) प्रत्येक शेयर प्रमाण पत्र बोर्ड के संकल्प के अनुसरण में सामान्य सील के तहत जारी किया जायेगा और उस पर दो निदेशकों तथा बोर्ड द्वारा इस प्रयोजन से नियुक्त अन्य अधिकारी के हस्ताक्षर होंगे ।

परन्तु निदेशकों के हस्ताक्षर मुद्रित, अंकित, लिथोग्राफित होंगे या उसकी छाप होगी या बोर्ड द्वारा इस दृष्टि से दिये गये निदेशानुसार अन्य यांत्रिक प्रक्रिया से अंकित किये हुए हो सकते हैं ।

(iii) इस प्रकार मुद्रित, अंकित, लिथोग्राफित या अन्य ढंग से अंकित हस्ताक्षर उसी प्रकार वैध होंगे जैसे कि हस्ताक्षरी ने उचित ढंग से अपने हस्ताक्षर किये हों ।

(iv) कोई भी शेयर प्रमाणपत्र तब तक वैध नहीं होंगे जब तक उस पर इस प्रकार से हस्ताक्षर किये गये हों, इस प्रकार हस्ताक्षरित, शेयर प्रमाणपत्र वैध होंगे और उसी प्रकार इस बात से असम्बद्ध रहते हुए बाध्यकारी होंगे कि उनका जारी किये जाने से पहले कोई भी व्यक्ति जिसके हस्ताक्षर उन पर हों वह बैंक की ओर से शेयर प्रमाण-पत्रों पर हस्ताक्षर करने हेतु प्राधिकृत व्यक्ति नहीं रहता है ।

(v) इस प्रकार किये गये प्रमाण पत्र जिन पर उप खण्ड (ii) में दर्शाये गये अनुसार प्राधिकृत हस्ताक्षरी के हस्ताक्षर हो और प्रमाणपत्र जारी किये जाते समय उसकी मृत्यु हो जाये तब बैंक जो उससे सर्वाधिक उचित प्रतीत हो ऐसी किसी पद्धति से प्रमाणपत्र पर ऐसे व्यक्ति के हस्ताक्षर को रद्द कर देगा और अन्य किसी प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर उस पर चिपका देगा इस प्रकार जारी किये गये प्रमाणपत्र वैध होंगे ।

14. शेयर प्रमाणपत्र जारी करना ।

(i) किसी शेयर धारक को शेयर प्रमाणपत्र जारी करने समय बोर्ड के लिये यह उपयुक्त होगा कि वह शेयर धारक के नाम से किसी एक अवसर पर दर्ज प्रत्येक 100 शेयर अथवा इनके गुणकों के लिये प्रमाणपत्र जारी करे तथा इससे अधिक शेयरों की संख्या लेकिन जो सौ से कम हो के लिये एक अतिरिक्त शेयर प्रमाणपत्र जारी करे ।

(ii) यदि दर्ज किये जाने वाले शेयरों की संख्या 100 से कम है तो सभी शेयरों के लिये एक प्रमाणपत्र जारी किया जायेगा ।

(iii) यदि कई व्यक्तियों द्वारा एक अथवा अधिक शेयर संयुक्त रूप में रखे गये हैं तो बैंक एक से अधिक शेयर प्रमाणपत्र जारी करने के लिये बाध्य नहीं होगा तथा शेयर के लिये एक प्रमाणपत्र की डिलीवरी संयुक्त शेयर धारकों में से किसी एक को पर्याप्त होगी ।

15. शेयर प्रमाणपत्रों का नवीनीकरण

(i) यदि कोई शेयर प्रमाणपत्र कट-फट गया हो अथवा खराब हो गया हो तो बोर्ड अथवा बोर्ड के द्वारा गठित समिति इस प्रकार के प्रमाणपत्र प्रस्तुत किये जाने पर इसे रद्द करने का आदेश दे सकती है तथा इसकी एवज में नया प्रमाणपत्र जारी कर सकती है ।

(ii) यदि कोई शेयर प्रमाणपत्र खो गया हो अथवा नष्ट हो गया हो तो बोर्ड अथवा इसके द्वारा गठित समिति ऐसी क्षतिपूर्ति के लिये जमानत सहित अथवा जमानत के बिना जैसा कि वे उचित समझें तथा दो समाचारपत्रों में उक्त सूचना के प्रकाशन एवं बैंक को लागत प्रभार एवं व्ययों के भुगतान पर खो गये अथवा नष्ट हो गये प्रमाणपत्र की एवज में पात्र व्यक्ति को डुप्लीकेट प्रमाणपत्र जारी कर सकते है।

16. शेयरों का समेकन एवं उप विभाजन

शेयरधारक/शेयरधारकों के लिखित आवेदन पर बोर्ड अथवा उसके द्वारा गठित समिति उसे समेकन/उपविभाजन के लिये प्रस्तुत शेयरों को यथास्थिति समेकित अथवा उपविभाजित कर सकती है तथा इनकी एवज में नये प्रमाणपत्र जारी कर सकती है इसके लिये बैंक को इसकी लागत, प्रभार तथा व्ययों का भुगतान करना होगा।

17. शेयरों का अन्तरण

(i) बैंक के शेयरों का प्रत्येक अन्तरण एक लिखत-सलग्न फार्म "ए" अथवा बैंक द्वारा समय-समय पर अनुमोदित ऐसे अन्य प्रारूप फार्म के द्वारा होगा तथा यह सम्बन्ध शेयर प्रमाण पत्र संलग्न करते हुए अन्तरणकर्ता और अन्तरिती द्वारा अथवा की ओर से निष्पादित किया जायेगा जो कि विधिवत स्टाम्पयुक्त एवं विनांकित होगा।

(ii) अन्तरण लिखत तथा शेयर प्रमाणपत्र बैंक के प्रधान कार्यालय को प्रस्तुत किये जायेंगे तथा अन्तरणकर्ता को तब तक ऐसे शेयरों का धारक माना जायेगा जब तक कि अन्तरिती का नाम शेयर में दर्ज न कर दिया जाये।

(iii) बैंक की अंतरण लिखत तथा शेयर प्रमाणपत्र अंतरण दर्ज करने के अनुरोध सहित प्राप्त होने पर बोर्ड अथवा बोर्ड के द्वारा गठित समिति उक्त अंतरण लिखत तथा शेयर प्रमाणपत्र रजिस्ट्रार तथा/अथवा शेयर अंतरण एजेंट को इस आशय के सत्यापन के उद्देश्य से भेज देंगे कि तकनीकी अपेक्षाओं का पूर्णतया अनुपालन किया गया है। रजिस्ट्रार तथा अथवा शेयर एजेंट अंतरण लिखत तथा शेयर प्रमाणपत्र यदि हो, को पुनः प्रस्तुत करने के लिए अंतरिती को लौटा देगा, बशर्ते :

(क) अंतरण लिखत बैंक को विधिवत् स्टाम्पयुक्त तथा यथोचित रूप से निष्पादित कर रजिस्ट्रेशन के लिए प्रस्तुत की गई हो तथा इसके साथ शेयर प्रमाण-पत्र जिससे कि यह संबंधित है संलग्न किया गया हो एवं बोर्ड द्वारा मांगे जा सकने वाले ऐसे अंतरण-कर्ता के अधिकार को दर्शानेवाले अन्य प्रमाण जिससे अंतरण किया जा सके, विनेख प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किया गया हो।

(ख) रजिस्ट्रार इस आशय से संतुष्ट हो कि अंतरिती व्यक्ति अंतरण लिखित में अंकित शेयरों के लिए बैंक का शेयर धारक होने के योग्य है।

(iv) बोर्ड अथवा बोर्ड द्वारा गठित समिति द्वारा यदि उक्त अंतरण को विनियम संख्या 19 के तहत रजिस्टर करने से मना किया गया हो तो बोर्ड समिति इस अंतरण को रजिस्टर करेंगे।

18. अंतरण आस्थगित (सस्पेंड) करने का अधिकार

बोर्ड अथवा बोर्ड द्वारा गठित समिति रजिस्टर बन्द रहने की अवधि के दौरान अंतरण दर्ज नहीं करेगी।

19. बोर्ड का शेयरों के अंतरण को दर्ज करने से मना करने का अधिकार

(i) बोर्ड निम्नलिखित में से किसी एक अथवा अधिक कारणों से (न कि किसी अन्य कारण से) अंतरिती के नाम से किसी शेयर को अंतरित करने से मना कर सकता है।

(क) शेयरों का अंतरण अधिनियम अथवा विनियमों के तहत अथवा किसी अन्य नियम के विरुद्ध हो अथवा इस प्रकार के अंतरणों को दर्ज करने संबंधी नियम की किसी शर्त का अनुपालन न किया गया हो।

(ख) बोर्ड की राय में शेयरों का अंतरण बैंक के हितों अथवा जनहित के विरुद्ध हो।

(ग) शेयर के अंतरण पर न्यायालय, न्यायधिकरण अथवा किसी अन्य प्राधिकारी द्वारा किसी नियम के तहत प्रभावी आदेश जिस पर अभी रोक लगी हो।

(घ) भारत में बाहर स्थित कोई कंपनी या व्यक्ति अथवा ऐसे नियम जो भारत में लागू नहीं है के तहत् संस्थापित कोई कम्पनी अथवा ऐसी कंपनी की कोई शाखा भले ही वह भारत से बाहर स्थित हो या नहीं हो अंतरण की अनुमति मिलने पर बैंक के शेयर प्राप्त या अर्जित कर सकेगी तथा इस प्रकार का कुल निवेश प्रदत्त पूंजी के 20% से अधिक अथवा केन्द्र सरकार द्वारा राजकीय गजट में अधिसूचना जारी कर यथानिर्दिष्ट हो जाएगा।

तथापि, उपरोक्त उप विनियम (1) (सी) के गठन मना करने संबंधी उल्लिखित अधिकारों का उपयोग बोर्ड द्वारा गठित समिति कर सकेगी।

(ii) बोर्ड बैंक के शेयर अंतरण संबंधी लिखित अंतरण दर्ज करने हेतु उसे प्रस्तुत किए जाने पर अपनी राय देगा कि इस प्रकाश का रजिस्ट्रेशन उप विनियम (1)

के तहत किसी कारण से मना किया जा सकता है अथवा नहीं ।

(क) यदि इसके द्वारा यह राय व्यक्त की गई हो कि ऐसा रजिस्ट्रेशन मना नहीं किया जाए, रजिस्ट्रेशन दर्ज कर दिया जाए तथा

(ख) यदि इसके द्वारा यह राय व्यक्त की गई हो कि ऐसा रजिस्ट्रेशन उल्लिखित उप नियम (i) के तहत् किसी कारण से मना किया जाए तो अंतरणकर्ता तथा अंतरिती को अंतरण फार्म प्राप्त होने की तारीख से 60 दिनों में लिखित रूप में नोटिस दिया जाए ।

20. मृत्यु, दिवालियापन आदि की स्थिति में शेयरों का प्रेषण

(i) किसी शेयर के मृतक शेयरधारक के निष्पादकों अथवा प्रशासकों अथवा इच्छा पत्र (प्रोबेट) धारक अथवा वसीयतनामें के साथ या इसके बिना प्रशासन पत्रों अथवा भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के भाग 4 के तहत जारी उत्तराधिकार प्रमाणपत्र अथवा किसी कानूनी प्रतिवेदन के धारक अथवा किसी ऐसे व्यक्ति जिसके पक्ष में मृतक धारक द्वारा अपने जीवितकाल में अन्तरित वैध प्रलेख निर्धारित किया गया, को ही बैंक द्वारा ऐसे शेयर का अधिकार विलेख होने की मान्यता दी जाएगी ।

(ii) दो अथवा अधिक शेयर धारकों के नाम से रजिस्टर्ड शेयरों के मामले में, एक अथवा अधिक उत्तरजीवी तथा अन्तिम उत्तरजीवी की मृत्यु के बाद उसके निष्पादक अथवा प्रशासक अथवा अन्य व्यक्ति जिसके पास इच्छा (प्रोबेट) पत्र अथवा वसीयत सहित अथवा इसके बिना प्रशासनिक पत्र अथवा उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र अथवा शेयर के लिए उत्तरजीवियों के संदर्भ में कोई अन्य कानूनी प्रतिवेदन अथवा वह व्यक्ति जिसके पक्ष में शेयर अन्तरण संबंधी वैध प्रलेख ऐसे व्यक्ति द्वारा निष्पादित किया गया हो तथा मृतक व्यक्ति के जीवनकाल के दौरान रहे ऐसे उत्तरजीवी व्यक्ति को ही बैंक द्वारा ऐसे शेयर का अधिकार (टाइटल) होना माना जाएगा।

(iii) बैंक ऐसे निष्पादकों अथवा प्रशासकों को तब तक मान्यता देने के लिए बाध्य नहीं होगा जब तक कि वे सक्षम अधिकार क्षेत्र के न्यायालय से यथास्थिति प्रोबेट अथवा प्रशासनीय पत्र अथवा उत्तराधिकार प्रमाणपत्र प्राप्त न कर लें ।

तथापि यदि बोर्ड किसी मामले में अपने विवेक के अनुरूप उचित समझे तो बोर्ड प्रोबेट अथवा प्रशासन पत्र अथवा उत्तराधिकार प्रमाणपत्र अथवा कोई अन्य कोई कानूनी प्रतिवेदन प्रस्तुत करने से छूट दे सकता है, इसके लिए क्षतिपूर्ति अथवा अन्य शर्तें जो बोर्ड उचित समझे रखी जा सकती हैं ।

(iv) ऐसे किसी व्यक्ति जो शेयरधारक की मृत्यु के बाद शेयर के लिए पात्र हुआ हो तथा ऐसे किसी व्यक्ति, जो शेयरधारक के दिवालियापन, धनशोधन अक्षमता अथवा परिसमापन के फलस्वरूप शेयर के लिए पात्र हुआ हो को बोर्ड द्वारा अपेक्षित प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर निम्नलिखित अधिकार प्राप्त होंगे :—

(क) ऐसे शेयर के लिए शेयरधारक के रूप में रजिस्टर करना,

(ख) इस प्रकार के शेयर जिससे कि अधिकार प्राप्त किया गया है, अन्तरित करना ।

21. शेयरधारक रजिस्ट्रेशन के लिए अयोग्य होना

व्यक्तिगत रूप से अथवा अन्य/अन्यों के साथ संयुक्त रूप में रजिस्टर्ड शेयरधारक का यह दायित्व होगा कि किसी शेयर के संबंध में रजिस्टेशन के लिए अयोग्यता की सूचना बोर्ड को दे दी जाए ।

22. शेयरों के संदर्भ में धनराशि की मांग

बोर्ड समय-समय पर शेयरधारकों से उनके पास पड़े शेयरों की बकाया राशि की, जब भी उपयुक्त समझे मांग कर सकता है तथा प्रत्येक शेयरधारक प्रत्येक मांग की राशि का बोर्ड द्वारा नियत व्यक्ति तथा नियत स्थान पर भुगतान करेगा । मांग राशि का किस्तों में भुगतान हो सकता है ।

23. संकल्प-दिनांक से राशि की मांग

धनराशि के लिए मांग उस समय से मानी जाएगी जब से कि बोर्ड ने इस प्रकार की मांग के लिए अधिकृत करने का संकल्प पारित किया हो तथा इस दिनांक को अथवा बोर्ड द्वारा नियत किसी आगामी दिनांक को दर्ज शेयरधारकों को इस राशि का भुगतान करना होगा ।

24. राशि की मांग हेतु नोटिस

प्रत्येक मांग के लिए न्यूनतम 30 दिन का नोटिस दिया जाएगा जिसमें भुगतान-समय का उल्लेख हो लेकिन इस प्रकार की मांग के भुगतान समय से पूर्व बोर्ड शेयरधारकों को लिखित नोटिस देते हुए इसे वापस भी ले सकेगा ।

25. राशि की मांग के भुगतान समय की अवधि बढ़ाना

बोर्ड समय-समय पर एवं अपने विवेक से सभी अथवा किसी भी शेयरधारक का उनके निवास स्थल की दूरी अथवा किसी अन्य कारण से भुगतान के लिए नियत समय की अवधि बढ़ा सकेगा, लेकिन किसी भी शेयर धारक को इस प्रकार अवधि बढ़ाए जाने हेतु कोई अधिकार नहीं होगा ।

26. संयुक्त धारकों के उत्तरदायित्व

शेयर के संयुक्त धारक मांग राशि के भुगतान के लिए संयुक्त रूप से अथवा अलग-अलग उत्तरदायी होंगे ।

27. नियत समय पर अथवा किस्तों द्वारा मांग राशि का भुगतान

यदि किसी शेयर निर्गम की शर्तों अथवा अन्य कारणों से कोई राशि किसी नियत समय पर अथवा नियत समय

पर किस्तों द्वारा देय है तो ऐसी प्रत्येक राशि अथवा किश्त का भुगतान बोर्ड द्वारा विधिवत की गई मांग के रूप में की जाएगी। जिसके लिये कि उपयुक्त नोटिस दिया गया हो मांग राशि संबंधी सभी प्रावधान सम्बद्ध राशि अथवा किस्त के अनुरूप होंगे।

28. जब मांग राशि अथवा किश्त पर ब्याज देय हो

यदि किसी मांग अथवा किस्त भुगतान संबंधी राशि का भुगतान के लिए नियत दिनांक को भुगतान न किया गया हो तो विद्यमान धारक अथवा शेयर आवंटियों (जिसके लिए कि राशि की मांग की गई है अथवा शेयर किस्त देय होगी) बोर्ड द्वारा समय समय पर नियत दर से इस राशि पर भुगतान के लिए नियत दिनांक से वास्तविक भुगतान की दिनांक तक की अवधि के लिए ब्याज का भुगतान करेगा, लेकिन बोर्ड को इस प्रकार के ब्याज की पूरी राशि अथवा उसके अंश में छूट का विवेकाधिकार होगा।

29. शेयरधारकों द्वारा मांग राशि का भुगतान न करना

किसी भी शेयरधारक द्वारा उसके पास व्यक्तिगत रूप में अथवा किसी व्यक्ति के साथ संयुक्त रूप में प्राप्त शेयर पर समस्त मांग राशि प्रभारित व्ययों एवं ब्याज राशि यदि कोई हो का पूर्णतया भुगतान न कर दिए जाने तक उसे किसी प्रकार का लाभांश देय नहीं होगा तथा न ही उस पर शेयरधारक का कोई अधिकार हो सकेगा।

30. मांग राशि अथवा किस्त भुगतान न होने पर नोटिस

यदि कोई शेयरधारक किसी शेयर की समस्त अथवा आंशिक राशि अथवा किस्त अथवा देय कोई अन्य राशि—मूल अथवा ब्याज का भुगतान के लिए नियत दिनांक तक भुगतान नहीं कर पाता है तो बैंक तत्पश्चात् ऐसी किसी भी समय अवधि अर्थात मांग राशि अथवा किस्त अथवा किसी आंशिक राशि का भुगतान बकाया रहने अथवा सम्बद्ध कोई निर्णय (जजमेंट) अथवा डिक्री पूर्णतया अथवा आंशिक रूप में बकाया रहने पर ऐसे शेयरधारक अथवा हस्तांतरण के फलस्वरूप शेयर के अधिकार प्राप्त व्यक्ति को मांग राशि अथवा किस्त अथवा इसका अंश अथवा अन्य राशि जो कि बकाया हो का अर्जित ब्याज तथा सभी व्यय (कानूनी अथवा अन्य) जो कि भुगतान न होने के कारण बैंक द्वारा किए गए हों, के लिए नोटिस जारी कर सकता है।

31. जब्ती (फोरफीट) का नोटिस

जब्ती के नोटिस में किसी एक दिन जो कि नोटिस की दिनांक से 14 दिन से कम नहीं होगा तथा स्थान जिस/जिन पर कि इस मांग राशि अथवा किस्त अथवा आंशिक राशि अथवा अन्य राशि एवं उपरोक्त ब्याज का भुगतान किया जाना है का उल्लेख होगा। नोटिस पर इस बात का भी उल्लेख होगा कि नियत समय एवं स्थान पर भुगतान न होने की स्थिति में शेयर, जिसके लिये राशि मांगी गई थी अथवा किस्त देय थी को जब्त किया जा सकेगा।

32. चूक होने पर जब्त किए जाने वाले शेयर

यदि उपरोक्तानुसार ऐसे किसी नोटिस की आवश्यकताएं पूरी नहीं की जाती हैं तो जिनके बारे में ऐसा नोटिस दिया गया हो ऐसे किसी भी शेयर को उसके बाद इस आशय के बोर्ड के संकल्प के द्वारा जब्त किया जा सकता है जिससे संबंधित सभी कॉल राशि या किस्तों, ब्याज और व्यय या उनसे संबंधित कोई भी बकाया राशि का भुगतान न किया गया हो, ऐसी जब्ती में जब्त किए गए शेयरों से संबंधित तमाम घोषित किए गए लाभांश का समावेश होगा परन्तु जब्ती से पहले वास्तव में अदा कर दिए गए लाभांश का समावेश नहीं होगा।

33. रजिस्टर में जब्ती की प्रविष्टि

जब विनियम 32 के तहत किसी शेयर को जब्त किया जाता है तब इसे जब्ती की तारीख के साथ रजिस्टर में दर्ज किया जाना चाहिए।

34. जब्त किए गए शेयर बैंक की संपत्ति होंगे जिन्हें बेचा जा सकेगा

इस प्रकार जब्त किया गया शेयर बैंक की संपत्ति समझा जाएगा और उन्हें उन शर्तों पर और उस तरीके से बेचा जा सकेगा। पुनः आवंटित किया जा सकेगा या किसी व्यक्ति को बोर्ड द्वारा निर्धारित पद्धति के अनुरूप दिया जा सकेगा।

35. जब्ती को रद्द करना

विनियम 32 के तहत् इस प्रकार जब्त किए गए शेयरों को बेच देने, पुनः आवंटित करने या किसी अन्य प्रकार से निपटाने से पूर्व बोर्ड उसके द्वारा निर्धारित शर्तों के तहत इस जब्ती को रद्द कर सकता है।

36. शेयर धारक जब्ती के समय बकाया राशि और ब्याज के भुगतान के लिए जिम्मेदार होगा।

जिनके शेयर जब्त किए गए हैं ऐसा कोई भी शेयर-धारक चाहे जब्ती हुई हो या नहीं, बैंक को सभी काल राशि, किस्तें, आय एवं व्यय तथा जब्ती के समय ऐसे शेयर से संबंधित अन्य राशि या बकाया राशि तथा बोर्ड द्वारा विनिर्धारित दर पर उस पर ब्याज के साथ भुगतान करने के लिए जिम्मेदार होगा और तत्काल भुगतान करेगा और बोर्ड पूरी राशि या उसके किसी भाग के भुगतान को प्रवर्तित कर सकता है।

37. आंशिक भुगतान जब्ती को नहीं रोकेगा

किसी शेयर के बारे में कॉल राशियों या बकाया अन्य राशियों के लिये बैंक के पक्ष में निर्णय या डिक्री अथवा

कोई भी भुगतान या उसके तहत की संतुष्टि अथवा शेयर धारक से समय-समय पर बकाया राशि का मूलराशि के रूप में या ब्याज के रूप में या किसी हिस्से में भुगतान अथवा बैंक द्वारा ऐसी किसी राशि के भुगतान के बारे में दी गई छूट इस विनियम के तहत शेयरों की ऐसी जब्ती को नहीं रोकेगा।

38. शेयरों की जब्ती से बैंक के विरुद्ध सभी दावे समाप्त हो जाते हैं।

शेयरों की जब्ती के समय शेयर से संबंधित बैंक के विरुद्ध के सभी हित तथा सभी दावों और मांगों तथा शेयर से संबद्ध सभी अन्य प्रासंगिक प्राधिकारों का समावेश हो जाता है परन्तु इन अधिकारों में ऐसे अधिकार शामिल नहीं होंगे जिन्हें स्पष्ट रूप से छोड़ दिया गया हो।

39. जब्त हो जाने पर बिक्री पुनः जारी करने, पुनः आवंटन या निपटान पर मूल शेयरों का अमान्य हो जाना।

पूर्ववर्ती विनियमों के प्रावधानों के अन्तर्गत शेयरों की बिक्री पुनः आवंटन या अन्यथा निपटान होने पर संबद्ध शेयरों के संबंध में मूल रूप से जारी किए गए प्रमाण-पत्र रद्द हो जाएंगें और अमान्य बन जाएंगें। और प्रभावी नहीं रहेंगे (सिवा इसके कि बैंक द्वारा मांग किए जाने पर चूककर्ता सदस्य ने पहले से ही उन्हें वापिस कर दिया हो) और बोर्ड इन शेयरों के संबंध में उसके लिए पात्र व्यक्ति या व्यक्तियों को नये प्रमाण-पत्र जारी करने के लिए अधिकृत होगा।

40. जब्ती के प्रावधान लागू होना

शेयर जारी करने संबंधी शर्तों के द्वारा निर्धारित समय पर देय किसी भी राशि चाहे वह शेयर के मूल्य की राशि हो या प्रीमियम के रूप में अदा की जानी हो—मानो वह विधिवत् किए गए कॉल के लिए देय हो, ऐसी राशि के भुगतान न किए जाने पर इन विनियमों के प्रावधान लागू होंगे।

41. शेयरों पर ग्रहणाधिकार

(i) बैंक का निम्नलिखित शेयरों पर प्रथम और सर्वोपरि ग्रहणाधिकार होगा:

(क) ऐसे प्रत्येक शेयर (जो पूर्ण प्रदत्त शेयर नहीं हैं) के संबंध में कॉल की गई या निर्धारित समय पर देय सभी राशियां (चाहे वर्तमान में देय हो या नहीं), ।

(ख) किसी व्यक्ति द्वारा वर्तमान में बैंक को देय सभी राशियों या उसकी संपत्ति में से देय राशियों के लिए उसके नाम पर पंजीकृत सभी शेयरों के लिए (जो पूर्ण प्रदत्त शेयर नहीं हैं),

(ग) प्रत्येक व्यक्ति के नाम पर (चाहे एकल रूप में या अन्य के साथ संयुक्त रूप में) सभी शेयरों के रजिस्टर्ड हो जाने पर तथा उसकी बिक्री की प्राप्तियों पर बैंक के साथ उसके उधार, देयताए और जिम्मेदारियां चाहे एकल रूप में या अन्य के साथ संयुक्त रूप में और चाहे उसके भुगतान, पूर्णतया विमोचन का समय वास्तव में आया हो या नहीं तथा किसी भी शेयर में सम्यक् हित बैंक द्वारा उसके ग्रहणाधिकार से अधिक मान्य नहीं होगा।

बोर्ड चाहे तो किसी भी समय किसी भी शेयर को पूर्णतः या अंशतः इस खण्ड के प्रावधानों से मुक्त कर सकता है।

(ii) बैंक का किसी शेयर पर कोई ग्रहणाधिकार होगा तो वह उस पर देय सभी लाभांशों पर भी लागू होगा।

42. शेयरों की बिक्री द्वारा ग्रहणाधिकार प्रवर्तित करना

(i) बैंक अपने ग्रहणाधिकार वाले किसी भी शेयर को, जिसे बोर्ड उचित समझता हो, ऐसे तरीके से बेच सकता है:

(क) ऐसी राशि जिसके संबंध में ग्रहणाधिकार है यदि वर्तमान में देय है; और

(ख) शेयर के वर्तमान रजिस्टर्ड धारक या उसकी मृत्यु या दिवालियेपन के कारण शेयरों के हकदार व्यक्ति को 14 दिन की लिखित नोटिस जिसमें राशि के उस भाग के बारे में कहा गया हो और मांग की गई हो, जिस पर ग्रहणाधिकार होता हो, और वर्तमान में देय हो।

(ii) ऐसे किसी विक्रय को प्रभावी करने के लिए बोर्ड उसके खरीददार को बेचे गए शेयर अंतरित करने के लिए कुछ अधिकारियों को प्राधिकृत कर सकता है।

43. शेयरों की विक्रय-प्राप्तियों का विनियोग

शेयरों के विक्रय की प्राप्तियों की प्रयोज्यता विनियम-42 के अन्तर्गत किसी शेयर की बिक्री पर शेयर की लागत को काटने के बाद शुद्ध प्राप्तियों को उससे संबद्ध वर्तमान में देय राशि को ग्रहणाधिकार से संबंधित देयता, उधार या जिम्मेदारी की संतुष्टि के पेटे जमा किया जायेगा और यदि कोई राशि बचती है तो उसे इस प्रकार बचे गए शेयर के अंतरण द्वारा पात्र शेयर धारक या व्यक्ति को भुगतान किया जाएगा।

44. जब्ती का प्रमाणपत्र

शेयर के बारे में कॉल किया गया और बोर्ड द्वारा पारित इस आशय के संकल्प द्वारा शेयर जब्त किया गया। इस प्रकार से किसी निदेशक या इस हेतु विधिवत प्राधिकृत बैंकऑफ बड़ौदा के किसी अन्य अधिकारी द्वारा दिया गया प्रमाण, उसमें दर्शाए गए तथ्य का ऐसे शेयरों के लिए पात्र सभी व्यक्तियों के विरुद्ध अंतिम साक्ष्य होगा।

45. जब्त शेयरों के खरीददार और आबटिती का हक

किसी भी शेयर की बिक्री पुनः आबंटन या अन्य निपटान पर दिया गया कोई प्रतिफल बैंक को प्राप्त होता है और जिसे वे शेयर बेचे जाते हैं, पुनः आबटित किए जाते हैं या निपटान किया जाता है उसे शेयर के धारक के रूप में पंजीकृत किया जा सकता है और उसके लिए प्रतिफल यदि कोई हो, की प्रयोज्यता देखना बाध्यकारी नहीं होगा । न ही उसका शेयर का हक शेयर की जब्ती बिक्री, पुनः आबंटन या अन्य निपटान के संदर्भ में प्राप्तियां प्राप्त होने पर कोई अनियमितता या अवैधता से प्रभावित होगा और बिक्री से जिसे हानि पहुंची है ऐसे व्यक्ति का उपाय केवल हरजाना होगा और सिर्फ बैंक के विरुद्ध ही होगा ।

46. शेयरधारकों को नोटिस या दस्तावेज जारी करना ।

(i) बैंक किसी भी शेयर धारक को व्यक्तिगत रूप से या सामान्य डाक से उसके पंजीकृत पते पर या यदि भारत में उसका पंजीकृत पता न हो तो उसके द्वारा नोटिस देने हेतु बैंक को दिए गए भारत में ही किसी पते पर नोटिस या दस्तावेज भेज सकता है ।

(ii) जब नोटिस या दस्तावेज डाक द्वारा भेजे जाते हैं तब इस प्रकार नोटिस या दस्तावेज भेजने के संबंध में यह समझा जाएगा कि वह दस्तावेज या नोटिस वाला पत्र उचित ढंग से पता लिखकर, डाकव्यय पहले से अदा करते हुए डाक में भेजा गया है ।

परंतु जहां शेयर धारक बैंक को पहले से ही सूचित करता है कि दस्तावेज डाक प्रमाणपत्र के साथ अथवा पंजीकृत डाक से प्राप्ति सूचना के साथ या बिना प्राप्ति सूचना के भेजी जाए और ऐसा करने संबंधी पर्याप्त व्यय बैंक में जमा करा देता है, तब वह नोटिस या दस्तावेज तब तक प्रभावी ढंग से भेजा गया नहीं माना जाएगा जब तक की वह शेयर धारक द्वारा बताए गए तरीके से न भेजा जाए। इस प्रकार नोटिस भेजना बैठक की सूचना भेजने के मामले में वह पत्र डाक में प्रेषित करने से 48 घंटे समाप्त होने के बाद तथा अन्य मामलों में उस समय से प्रभावी हुआ समझा गाएगा जिस समय सामान्य डाक से पत्र प्राप्त हो जाता ।

(iii) जब नोटिस या दस्तावेज भारत में व्यापक रूप से प्रसारित किसी अखबार में विज्ञापित किया जाता है तब वह विज्ञापन प्रकाशित होने के दिन बैंक के उन सभी शेयर धारकों को विधिवत भेजा गया समझा जाएगा जिनका भारत भारत में कोई पंजीकृत पात नहीं है, और जिन्होंने बैंक को नोटिस भेजे जाने हेतु भारत में कोई पता उपलब्ध नहीं कराया है ।

(iv) किसी शेयर के संयुक्त धारकों के मामले में बैंक द्वारा कोई नोटिस या दस्तावेज शेयर से संबंधित पंजीकृत प्रथम नाम वाले संयुक्त धारक को प्रभावी ढंग से भेजा जाता है तब इस प्रकार दिया गया नोटिस उपरोक्त शेयर धारकों के लिए पर्याप्त नोटिस होगा ।

(v) शेयर के किन्हीं पात्र व्यक्तियों को उनकी मृत्यु हो जाने पर या शेयर धारक के दिवालिया हो जाने पर उसके नाम पर या मृतक अथवा दिवालिए के समनुदेशिती के नाम पर या इस प्रकार की स्थिति में इस प्रकार की पात्रता का दावा करने वाले व्यक्तियों द्वारा इस प्रयोजन से उपलब्ध कराए गए पते पर बैंक द्वारा नोटिस या दस्तावेज भेजे जाएं या जब तक ऐसा पता उपलब्ध नहीं कराया जाता है उसी प्रकार नोटिस या दस्तावेज भेजे जाए जिस प्रकार मृत्यु या दिवालिएपन की घटना घटित ही न हुई हो ।

(vi) बैंक द्वारा दिए जाने वाले किसी भी नोटिस पर हस्ताक्षर लिखित या मुद्रित हो सकते हैं ।

अध्याय- III

डिपोजिटरी में रखी गई बैंक की प्रतिभूतियां

47. बैंक एवं डिपोजिटरी के बीच अनुबन्ध

बैंक अपने द्वारा जारी की गई प्रतिभूतियों के संबंध में किसी एक या अधिक डिपोजिटरी की सेवाएं लेने हेतु उनसे अनुबंध कर सकता है ।

48. डिपोजिटरी एवं सहभागी के बीच अनुबन्ध

(i) कोई भी सहभागी डिपोजिटरी का एजेंट बनने हेतु उससे अनुबन्ध कर सकता है । जिस डिपोजिटरी से अनुबन्ध किया जाता है वह वही डिपोजिटरी होगा जिसके साथ बैंक ने विनियम 47 के तहत सेवाएं लेने का अनुबन्ध किया है ।

(ii) बैंक का कोई भी शेयर धारक बैंक द्वारा जारी की गई प्रतिभूति के संबंध में सहभागी के माध्यम से किसी डिपोजिटरी की सेवाएं प्राप्त करने हेतु उनके द्वारा निर्धारित फार्म में उनसे अनुबंध कर सकता है ।

49. प्रतिभूति के प्रमाणपत्र वापिस करना

(i) बैंक के कोई भी शेयर धारक या प्रतिभूति धारक जिसने उक्त विनियम 48 के तहत अनुबंध किया है वह जिन प्रतिभूति प्रमाण पत्रों के संबंध में बैंक के डिपोजिटरी की सेवाएं प्राप्त करना चाहता है, उन प्रतिभूति प्रमाण पत्रों को वापिस कर देगा ।

(ii) बैंक उपरोक्त उप-विनियम (i) के अन्तर्गत प्रतिभूति प्रमाण पत्र प्राप्त होने पर उन्हें रद्द कर देगा और प्रतिभूति के संबंध में डिपोजिटरी का नाम अपने रिकार्ड में पंजीकृत स्वामी के रूप में लिख देगा तथा डिपोजिटरी को तदनुसार अवगत कराएगा ।

(iii) डिपोजिटरी उपरोक्त उप विनियम (ii) के तहत सूचना प्राप्त होने पर ऊपर उपविनियम (i) में दर्शाए गए व्यक्ति का नाम लाभार्थी स्वामी के रूप में अपने रिकार्ड में दर्ज करेगा ।

50. प्रतिभूति के अंतरण का डिपोजिटरी के पास पंजीकरण

प्रत्येक डिपोजिटरी बैंक की ओर से अंतरण होने संबधी सूचना प्राप्त होने पर प्रतिभूतियों का अंतरिती के नाम पर अंतरण दर्ज करेगा ।

51. प्रतिभूति प्रमाणपत्र प्राप्त करने या डिपोजिटरी के पास प्रतिभूति को रखने का विकल्प

(i) बैंक द्वारा प्रस्तावित प्रतिभूतियों में अभिदान करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिभूति प्रमाणपत्र प्राप्त करने अथवा प्रतिभूति को डिपोजिटरी के पास रखने का विकल्प उपलब्ध होगा ।

(ii) जब कोई व्यक्ति प्रतिभूति डिपोजिटरी के पास रखने का विकल्प चुनता है तब बैंक उस डिपोजटरी को प्रतिभूति के आबंटन का ब्यौरा सूचित करेगा और ऐसी सूचना प्राप्त होने पर डिपोजिटरी आबंटिती का नाम प्रतिभूति के लाभार्थी स्वामी के रूप में अपने रजिस्टर में दर्ज करेगा ।

52. डिपोजटरी में रखी गई प्रतिभूतियां समरूप हों

डिपोजिटरी द्वारा रखी गई सभी प्रतिभूतियां अवास्तविक होगी तथा समरूपी स्वरूप में होंगी ।

53. लाभार्थी स्वामी के अधिकार

लाभार्थी स्वामी डिपोजिटरी के पास रखी गई अपनी प्रतिभूतियों के संबंध में सभी अधिकारों और लाभों का पात्र होगा और सभी देयताओं के लिए जिम्मेदार होगा ।

54. लाभार्थी स्वामी का रजिस्टर

(i) प्रत्येक डिपोजिटरी के लिए यह आवश्यक होगा कि वह डिपोजिटरी द्वारा रखी गई बैंक की प्रतिभूतियों के संबंध में डिपोजिटरी अधिनियम, 1996 या "सेबी" द्वारा निर्धारित ढंग से एक रजिस्टर रखे और लाभार्थी-स्वामियों को क्रमानुसार दर्ज करें ।

(ii) डिपोजिटरी, बैंक द्वारा निर्धारित ऐसे अंतरालों पर अपने पास रखे लाभार्थी-स्वामियों के रजिस्टर एवं अनुसूची की अद्यतन प्रति बैंक को भेजेगी ।

55. किसी भी प्रतिभूति के संबंध में बाहर जाने का विकल्प

(i) यदि किसी भी प्रतिभूति के संबंध में लाभधारक स्वामी डिपोजटरी से बाहर जाना चाहता है तो उसे तद्नुसार डिपोजिटरी को सूचित करना होगा ।

(ii) डिपोजिटरी को उपरोक्त उपविनियम (1) के अंतर्गत इस प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर वह अपने रिकार्ड में समुचित प्रविष्टियां करेगा एवं बैंक को सूचित करेगा ।

(iii) बैंक डिपोजिटरी से इस प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर 30 दिनों (तीस) के भीतर और इस प्रकार की शर्तों के पूरा होने पर तथा ऐसे शुल्क का भुगतान किये जाने पर जैसा कि सेबी डिपोजिटरीज एवं पार्टीसिपेंट्स विनियम 1996 और/अथवा डिपोजिटरी अधिनियम 1996 में विनिर्दिष्ट किया गया हो । लाभधारक स्वामी अथवा अन्तरिती को जैसा भी मामला हो, को प्रतिभूति का प्रमाण पत्र जारी करेगा ।

अध्याय–4

शेयरधारकों की बैठकें

56. वार्षिक सामान्य सभा बलाने की सूचना

(i) अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अथवा कार्यपालक निदेशक अथवा बैंक के किसी अन्य प्राधिकृत अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित वार्षिक सामान्य सभा बुलाने की नोटिस भारत में विस्तृत प्रसार वाले कम से कम दो समाचार पत्रों में 21 पूर्ण दिवसों पहले प्रकाशित की जायेगी ।

(ii) इस प्रकार की प्रत्येक नोटिस में इस प्रकार के बैठक में स्थान, समय एवं तारीख का तथा इस प्रकार की बैठक में किये जाने वाले कारोबार का उल्लेख किया जायेगा ।

(iii) इस प्रकार की बैठक का समय एवं तारीख निदेशक मंडल द्वारा तय किये गये अनुसार होगी बैठक बैंक के प्रधान कार्यालय के स्थान पर होगी ।

57. असाधारण सामान्य सभा :

(i) अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अथवा उसकी अनुपस्थिति में बैंक के कार्यपालक निदेशक अथवा उनकी अनुपस्थिति में बैंक के निदेशकों में से कोई निदेशक, यदि निदेशक मंडल ऐसा निर्देशित करे अथवा ऐसी बैठक बुलाने की मांग केन्द्रीय सरकार अथवा बैंक के शेयर धारकों में यदि अन्य कोई शेयर धारक से जिसके पास शेयर धारकों के वोट देने के कुल अधिकार का 10 प्रतिशत भाग हों, के मांग करने पर, शेयरधारकों की असाधारण सामान्य सभा बुला सकता है ।

(ii) उपविनियम (i) में उल्लिखित मांग में असाधारण सामान्य सभा की बैठक बुलाये जाने के उद्देश्य का उल्लेख किया जाना चाहिए । किन्तु इसमें कई दस्तावेजों का समावेश होने पर प्रत्येक पर एक या उससे अधिक मांग करने वालों के हस्ताक्षर होने चाहिए ।

(iii) ऐसे मामलों में जहां दो या अधिक व्यक्ति किसी शेयर के संयुक्त स्वामी हों वहां इस प्रकार की मांग पर अथवा नोटिस जिसके द्वारा बैठक की मांग की गयी है उस पर यदि एक के अथवा कुछ के हस्ताक्षर हों तो भी इस विनियम के लिए उसका वही प्रभाव होगा जैसे उस पर सभी ने हस्ताक्षर किए हों ।

(iv) असाधारण सामान्य सभा का समय, स्थान एवं तारीख का निर्धारण निदेशक मंडल द्वारा किया जायेगा । बशर्ते, असाधारण सामान्य सभा केन्द्रीय सरकार की मांग पर अथवा शेयर धारकों की मांग पर बैठक बुलाने की मांग प्राप्त होने के 45 दिनों से अनधिक पर बुलायी गयी हो ।

(v) यदि बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अथवा उनकी अनुपस्थिति में कार्यपालक निदेशक, जैसा भी मामला हो, उपविनियम (i) में वांछित बैठक उपविनियम (iv) में उल्लिखित प्रावधानों में निर्धारित समय में बैठक नहीं बुलाते हैं तब बैठक की मांग करने वालों द्वारा बैठक की मांग किये जाने की तारीख से तीन महीने के भीतर बैठक बुलायी जा सकेगी ।

बशर्ते, इस उपविनियम में ऊपर उल्लिखित 3 महीने की अवधि के समाप्त होने के पहले बुलाई गयी बैठक तथा उस अवधि की समाप्ति के बाद कुछ दिनों के लिए स्थगित करने के विरुद्ध रोका न माना जाए ।

(vi) मांग करने वालों के द्वारा उपविनियम (v) के अन्तर्गत बुलायी गई बैठक को उसी ढंग से बुलाया जाएगा जैसा कि निदेशक मंडल द्वारा अन्य सामान्य सभाओं के मामले में किया जाता है ।

58. सामान्य सभा का कोरम :

(i) शेयरधारकों की किसी भी बैठक में तब तक कोई भी कारोबार नहीं किया जा सकेगा जब तक कि इस प्रकार की बैठक में इस प्रकार का कारोबार प्रारंभ करने से पहले वोट देने का अधिकार रखने वाले कम से कम 5 शेयर-धारक व्यक्तिगत रूप से उपस्थित न हों ।

(ii) बैठक के लिए निर्धारित समय से आधे घंटे के भीतर कोरम मौजूद न होने पर यदि बैठक केन्द्र सरकार की मांग के अलावा शेयर धारकों की मांग पर बुलाई गई हो तो बैठक समाप्त हो जायेगी ।

(iii) दूसरे अन्य मामलों में बैठक के लिए निर्धारित समय के आधे घंटे के भीतर यदि कोरम मौजूद न हो तो बठक अगले सप्ताह के उसी दिन, उसी समय और उसी स्थान के लिए अथवा उसी प्रकार के किसी अन्य दिन समय और स्थान के लिए जैसा अध्यक्ष निर्धारित करें, स्थगित हो जायेगी । यदि स्थगित बैठक के लिए निर्धारित समय, स्थान एवं तारीख पर आधे घंटे के भीतर कोरम मौजूद नहीं होता है तब वे शेयर धारक जो स्वयं उपस्थित हों अथवा परोक्षी के रूप में उपस्थित हों अथवा उनके विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि इस बैठक में उपस्थित हों वे कोरम माने जायेंगे और वह कारोबार कर सकेंगे जिनके लिए बैठक बुलाई गयी हो ।

परन्तु अधिनियम की धारा 10ए (i) की शर्तों के अनुरूप वार्षिक सामान्य सभा के लिए निर्धारित तारीख से बाद की किसी तारीख के लिए कोई भी वार्षिक सामान्य सभा स्थगित नहीं की जाएगी किन्तु यदि बैठक को आगामी सप्ताह को स्थगित करने का प्रभाव यह हो तो वार्षिक सामान्य सभा स्थगित नहीं की जाएगी बल्कि बैठक की कार्यवाही निर्धारित समय से 1 घंटे के भीतर, यदि कोरम मौजूद है, शुरू होगी अथवा एक घंटे के समाप्त होने के तत्काल बाद प्रारंभ होगी और वे शेयर धारक जो व्यक्तिगत रूप से मौजूद हों अथवा उनके परोक्षी उपस्थित हों अथवा उनके विधिवत् प्रतिनिधि उपस्थित हों वे इस बैठक के कोरम माने जाएंगे ।

59. सामान्य सभा के अध्यक्ष :

(i) अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अथवा उनकी अनुपस्थिति में कार्यपालक निदेशक अथवा उनकी अनुपस्थिति में ऐसे कोई निदेशक जिन्हें सामान्यतः अथवा किसी विशेष बैठक के संबंध में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा अथवा उनकी अनुपस्थिति में इस मामले में कार्यपालक निदेशक द्वारा प्राधिकृत किया गया हो बैठक के अध्यक्ष होंगे । यदि अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अथवा कार्यपालक निदेशक अथवा इस संबंध में प्राधिकृत कोई अन्य निदेशक उपस्थित नहीं हो तो बैठक में उपस्थित किसी अन्य निदेशक को सभा, बैठक का अध्यक्ष चुन सकती है ।

(ii) सामान्य सभा के अध्यक्ष सामान्य सभा की कार्य-वाही को विनियमित करेंगे विशेष रूप से उनको यह अधिकार होगा कि वे यह तह करें कि शेयर धारक सभा को किस क्रम में संबोधित करेंगे उनके भाषण की अवधि भी तय करेंगे तथा यदि वे यह समझें कि किसी मामले पर पर्याप्त चर्चा हो चुकी है तो वे बैठक को समाप्त घोषित कर सकेंगे ।

60. सामान्य सभा में भाग लेने के लिए पात्र व्यक्ति :

(i) उपविनियम (ii) के प्रावधानों के अनुसार सभी निदेशक एवं शेयरधारक सामान्य सभा में भाग लेने के पात्र होंगे ।

(ii) कोई शेयरधारक (केन्द्र सरकार नहीं) अथवा निदेशक जो सामान्य सभा में भाग ले रहा हो उसे पहचान एवं उसके वोट देने के अधिकारों का विनिर्धारण करने के लिए निम्नलिखित विवरणों के साथ अध्यक्ष द्वारा निर्धा-रित फार्म में हस्ताक्षर करके प्रस्तुत करना होगा ।

(क) उसका पूरा नाम व पंजीकृत डाक पता ।

(ख) उसके शेयरों की पहचान संख्या ।

(ग) क्या उन्हें वोट देने का अधिकार है, वह स्वयं व्यक्तिगत रूप से अथवा परोक्षी के माध्यम से अथवा विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से कितने वोट देने के लिए पात्र हैं ।

61. सामान्य सभा में मतदान :

(i) किसी भी सामान्य सभा में कोई भी संकल्प जिसे सभा के वोट के लिए प्रस्तुत किया जाता है, जब तक मतदान की मांग न की गयी हो उसका निर्णय हाथ उठाकर सहमति के आधार पर तय माना जाएगा।

(ii) अधिनियम में दिए गए प्रावधानों के अलावा सामान्य सभा के प्रस्तुत प्रत्येक मामले को बहुमत के आधार पर तय किया जाएगा।

(iii) जब तक कि उपविनियम (i) के अन्तर्गत मतदान की मांग न की गयी हो तब तक बैठक के अध्यक्ष द्वारा यह घोषणा कि संकल्प, हाथ उठाने से पारित किया गया/नहीं किया गया या तो एकमत से अथवा विशिष्ट बहुमत से एवं इस आशय की एक प्रविष्टि उन बहियों में जिसमें कार्यवाही का कार्यवृत्त दिया गया हो वह इस तथ्य का इस प्रकार के संकल्प के पक्ष विपक्ष में डाले गए मतों की संख्या अनुपात के प्रमाण के बिना भी निर्णायक साक्ष्य होगा।

(iv) किसी भी संकल्प पर हाथ उठाकर मतदान का परिणाम घोषित करने से पूर्व अथवा परिणाम घोषित करने पर सभा का अध्यक्ष उनके अपने प्रस्ताव पर मतदान के लिए आदेश दे सकता है और इस मामले में किसी शेयरधारक अथवा शेयर धारकों द्वारा जो सभा में स्वयं उपस्थित हो अथवा उनके परोक्षी के माध्यम से जिनके पास बैंक की शेयर धारिता है, जिसके द्वारा उन्हें संकल्प पर मतदान करने का अधिकार प्राप्त होता है, जो कि किसी संकल्प पर कुल मताधिकार के पांचवे भाग से कम नहीं, के द्वारा मांग करने पर वह आदेश प्राप्त करेगा।

(v) मतदान की मांग को मतदान की मांग करने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों द्वारा किसी भी समय वापस लिया जा सकेगा।

(vi) स्थगन अथवा सभा के अध्यक्ष चुनाव के मामले में मतदान की मांग को तुरंत हाथ में लिया जाएगा।

(vii) किसी अन्य मामले पर मतदान की मांग को ऐसे समय के भीतर लिया जाएगा जो मांग किए जाने से 48 घंटे से अधिक नहीं हो, जैसा कि बैठक के अध्यक्ष निर्देशित करें।

(viii) किसी व्यक्ति मताधिकार की पात्रता तथा मतदान के मामले तथा कोई व्यक्ति कितने वोट देने के लिए सक्षम है के मामले में सभा-अध्यक्ष का निर्णय अंतिम होगा।

62. सामान्य सभा का कार्यवृत्त :

(i) बैंक सभी कार्यवाहियों का कार्यवृत्त इस आशय हेतु बनाई गई पुस्तकों में दर्ज करेगा।

(ii) इस प्रकार का कोई कार्यवृत्त जिस पर बैठक की कार्यवाही के अध्यक्ष के हस्ताक्षर करने हों अथवा आगामी बैठक के अध्यक्ष के हस्ताक्षर हों वह कार्यवाही का साक्ष्य होगा।

(iii) जब तक कि अन्यथा प्रमाणित न हो, कार्यवाहियों के संबंध में जिनके कार्यवृत्त तैयार किए गए हैं यह माना जायेगा कि ऐसी बैठकें बुलाई गई और हुई है उससे संबंधित सभी कार्यवाही विधिवत संपन्न हुई है।

अध्याय–5

निदेशकों का चयन

